आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 14.03.2026 **समय : 02.10pm**

पीएम– असम,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज असम के सिलचर में 23 हजार 550 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें सिलचर हाई–स्पीड कॉरिडोर, सिलचर टाउन फ्लाईओवर और पाथरकांडी कृषि महाविद्यालय शामिल हैं। **प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, "यह सिर्फ एक हाईवे परियोजना नहीं है, यह पूर्वोत्तर के लोगों के दशकों पुराने इंतजार का अंत हो रहा है। इस कॉरिडोर से सिलचर, मिज़ोरम, मणिपुर और त्रिपुरा, यह सभी राज्य जुड़ने वाले हैं।**

किसान सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज कटनी जिले के बरही में आयोजित किसान सम्मेलन में 243 करोड़ रुपये के निर्माण व विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बरही के बड़े तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ करेंगे और तालाब से श्री विजयनाथ धाम मंदिर प्रांगण सभा स्थल तक आभार रैली में शामिल होंगें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव किसान सम्मेलन में कृषि एवं उससे संबंधित विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। वे प्रधानमंत्री कृषक मित्र योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना, सुपर सीडर, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, स्व–सहायता समूह बैंक योजना और रिस्पोंसिबल टूरिज्म होम स्टे से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगे।

शिवराज सिंह चौहान

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज सीहोर जिले में आयोजित "दिशा" की बैठक में विकास कार्यों और योजनाओं की समीक्षा कर रहे हैं। बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की जाएगी। साथ ही योजनाओं के प्रभावी संचालन, समस्याओं के निराकरण तथा विकास कार्यों में तेजी लाने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए जाएंगे।

लोक अदालत

प्रदेश में आज नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश भर में 1388 पीठ बनाई गई है. जिनमें पांच लाख से अधिक प्रकरणों की सुनवाई होगी। "नेशनल लोक अदालत का आयोजन उच्च न्यायालय से लेकर जिला न्यायालयों, तालुका न्यायालयों, श्रम न्यायालयों, कुटुंब न्यायालयों व अन्य न्यायालयों में किया जा रहा है। इसमें कोर्ट में लंबित दीवानी और आपराधिक शमनीय प्रकरणों के साथ ही ट्रैफिक चालान, बैंक, विद्युत, श्रम, जलकर और संपत्तिकर से जुड़े प्री–लिटिगेशन मामलों का भी निराकरण किया जा रहा है।

<u>सिंधिया</u>

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज से गुना जिले के तीन दिवसीय प्रवास पर हैं। इस दौरान वे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया कल गुना जिला चिकित्सालय में नवनिर्मित क्रिटिकल केयर यूनिट का उद्घाटन करेंगे।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में मार्च के दूसरे हफ्ते में ही गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। प्रदेश के कई जिलों में तापमान लगातार बढ़ रहा है और लू जैसे हालात बनने लगे हैं। प्रदेश में पिछले दो दिनों से तापमान 40 डिग्री के आसपास पहुंच रहा है। ग्वालियर, चंबल, उज्जैन, इंदौर, भोपाल, नर्मदापुरम और सागर संभाग में गर्मी का असर ज्यादा देखा जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 15, 16 और 17 मार्च को प्रदेश के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों ग्वालियर–चंबल, जबलपुर, रीवा और शहडोल संभाग के कई जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है।

<u>कुछ समाचार संक्षेप में :–</u>

- भारत पेट्रोलियम ने देश भर में निर्बाध और विश्वसनीय एलपीजी आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता दोहराई । सोशल मीडिया पोस्ट में, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने कहा कि ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र में समन्वित प्रयासों से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि उपभोक्ताओं को बिना किसी रुकावट के सिलेंडर मिलते रहें।
- शिवपुरी में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए गैस एजेंसियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं
- जबलपुर मे भगवान श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त और साहू समाज की आराध्य माँ कर्मा देवी की 1010वीं जन्म जयंती के अवसर पर समाज ने शोभायात्रा निकाली।
- अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान ने शुक्रवार को आगरमालवा में 187 लाख की लागत से निर्मित होने वाले अटल पथ के साथ ही अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन किया